## न्यूज डायरी




### ट्रंप की सेक्रेटरी का आरोप–किम जोंग ने मुझे मारी थी आंख

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** प्योंगयांग। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पूर्व प्रेस सेक्रेटरी सारा सैंडर्स ने उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन को लेकर बड़ा खुलासा किया है। सारा ने बताया कि सिंगापुर में ट्रंप और किम जोंग उन की मुलाकात के दौरान उत्तर कोरियाई तानाशाह ने उन्हें आंख मारी थी। ट्रंप का यह सिंगापुर दौरा ऐतिहासिक था और उन्होंने पहली बार किम जोंग उन से आमने–सामने की मुलाकात की थी। सारा ने अपनी किताब स्पीकिंग फॉर माइसेल्फ में यह दावा किया है। सारा ने लिखा, हमने पहली बार सीधे आंख मिलाई और किम ने भी इशारा किया। इसके बाद ऐसा लगा जैसे उत्तर कोरियाई तानाशाह ने उन्हें आंख मारी। मैं स्तब्ध रह गई और तेजी से नीचे देखने लगी और अपना नोट्स लेती रही। उन्होंने कहा कि मैं बस यही सोचती रही कि क्या हुआ? निश्चित रूप से किम जोंग उन ने केवल मुझे देखा नहीं था।

### रूस के विपक्षी नेता एलेक्सी नवेलनी के शरीर में मिला नोविचोक जहर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बर्लिन। रूस में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के विरोधी वध्पिक्षी नेता एलेक्सी नवेलनी के शरीर में नोविचोक जहर मिला है। जर्मनी की सरकार ने बताया कि नवेलनी के नमूनों की जांच की गई जिसमें सोवियत युग के तंत्रिका तंत्र पर हमला करने वाले विष 'नोविचोक' के अंश होने की पुष्टि हुई है। राजनीतिज्ञ और भ्रष्टाचार की जांच करने वाले नवेलनी रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के कट्टर आलोचक हैं। जर्मनी के इस खुलासे के बाद पुतिन घिरते जा रहे हैं और दुनियाभर के नेताओं ने उनसे जवाब मांगा है। नवेलनी 20 अगस्त को साइबेरिया से मॉस्को लौटते वक्त विमान में बीमार हो गए थे और विमान की आपात लैंडिंग कराकर ओमस्क शहर के अस्पताल में उन्हें भर्ती कराया गया था। नवेलनी को बाद में जर्मनी के चौरिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां के डॉक्टरों ने पिछले हफ्ते कहा कि नवेलनी को विष देने के संकेत मिले हैं।

### चीन से तनाव के बीच रूसी रक्षामंत्री से मिलें राजनाथ सिंह

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मास्को। चीन से लद्दाख सीमा पर भारी तनाव के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में हिस्सा लेने के लिए बुधवार को रूस की राजधानी मास्को पहुंचे। राजनाथ सिंह एससीओ की एक महत्वपूर्ण बैठक में हिस्सा लेने के साथ ही बृहस्पतिवार को रूस के रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगू से मुलाकात करके द्विपक्षीय रक्षा सहयोग बढ़ाने पर चर्चा करी। बताया जा रहा है कि रक्षा मंत्री भारतीय सेना के लिए अत्याधुनिक AK–203 राइफल सौदे को अंतिम रूप देने और एस 400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम को जल्द से जल्द आपूर्ति करने पर जोर देंगे। अधिकारियों ने बताया कि एससीओ सदस्य देशों के सभी आठ रक्षा मंत्री आतंकवाद, अतिवाद जैसी क्षेत्रीय सुरक्षा चुनौतियों और उनसे एकजुट होकर निपटने के तरीकों पर चर्चा करेंगे। भारतीय दूतावास ने ट्वीट किया,'रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह रूस की तीन दिवसीय यात्रा पर मॉस्को पहुंच गए।

### अमेरिका ने अंतरराष्ट्रीय न्यायाधिकरण की अभियोजक पर प्रतिबंध लगाया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। ट्रंप प्रशासन ने अमेरिकियों के खिलाफ युद्ध अपराधों की जांच जारी रखने को लेकर बुधवार को अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय की मुख्य अभियोजक और उनके एक शीर्ष सहयोगी पर प्रतिबंध लगा दिये। विदेश मंत्री माईक पोम्पियो ने हेग स्थित न्यायाधिकरण के खिलाफ इस कदम की घोषणा की। इन प्रतिबंधों में अमेरिका में अभियोजक फतोऊ बेनसौदा और अदालत के क्षेत्राधिकार प्रमुख फाकिसो मोचोचोको की संपत्तियों पर पाबंदी लगाना शामिल है। पोम्पियो ने इससे पहले बेनसौदा और न्यायाधिकरण के अन्य कर्मियों पर यात्रा प्रतिबंध लगा दिया था क्योंकि वे अफगानिस्तान में अमेरिकियों द्वारा उत्पीड़न और अन्य अपराधों के आरोपों की जांच कर रहे हैं। मानवाधिकार समूहों और अन्य ने ट्रंप प्रशासन के बुधवार के इस कदम की निंदा की है।

# 108 चीनी ऐप बैन करने से भारत पर भड़का चीन

## भारत के इस कदम पर गंभीर चिंता जताई

**बौखलाहट**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पेइचिंग। लद्दाख में भारतीय सैनिकों के जोरदार ऐक्शन के बाद भारत के 108 और चीनी ऐप को बैन करने से चीन बुरी तरह से भड़क गया है। चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने एक बयान जारी करके भारत के इस कदम पर गंभीर चिंता जताई है। साथ ही चीनी वाणिज्य मंत्रालय ने एक बयान जारी करके भारत के इस फैसले पर सख्त ऐतराज भी जताया है। लद्दाख में चल रहे तनाव के बीच भारत अब तक चीन के 224 ऐप पर बैन लगा चुका है।

चीनी वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि भारत का ऐप पर बैन लगाना चीनी निवेशकों और सर्विस प्रोवाइडरों के कानूनी हितों का उल्लंघन करता है। चीन इसको लेकर गंभीरतापूर्वक चिंतित है और पूरजोर विरोध करता है। इससे पहले पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर चीन के साथ बढ़ते तनाव के बीच भारत ने बुधवार को मशहूर गेमिंग ऐप पबजी समेत 118 और



मोबाइल ऐप्स पर प्रतिबंध लगा दिया। ये ऐप चीन की कंपनियों से जुड़े हुए है।

इससे पहले जून में भारत ने टिकटॉक समते 59 चीनी ऐप पर बैन लगाया था। जुलाई में भी चीन से जुड़े 47 मोबाइल ऐप प्रतिबंधित किए गए थे। इस तरह अब तक चीन से जुड़े कुल 224 मोबाइल ऐप पर प्रतिबंध लग चुका है। आइए समझते हैं कि ये ऐप बैन चीन के लिए कितनी बड़ी चोट हैं और इसके जरिए भारत क्या संदेश देना चाहता है। बुधवार को जिन मोबाइल ऐप पर प्रतिबंध लगाया गया उनमें पबजी, पबजी लाइट समेत बायदू, बायदू एक्सप्रेस एडिशन, अलीपे, टेनसेंट वॉचलिस्ट, फेसयू, वीचौट रीडिंग, गवर्नमेंट वीचौट, टेनसेंट वेयुन, आपुस लॉन्चर प्रो, आपुस सिक्यॉरिटी, कट कट, शेयरसेवा बाइ शाओमी और कैमकार्ड जैसे ऐप शामिल हैं।

इनमें से ज्यादातर ऐप के भारत में बड़ी तादाद में यूजर्स थे। कई भारतीय युवाओं को तो लोकप्रिय गेमिंग ऐप पबजी की एक तरह से लत लगी हुई है। बात अगर भारत में पबजी ऐप के डाउनलोड की करें तो इसे 5 करोड़ से ज्यादा बार डाउनलोड किया जा चुका था। भारत में उसके 3.3 करोड़ ऐक्टिव यूजर थे, जो बहुत बड़ी संख्या है। अब इन पर प्रतिबंधों से चीनी कंपनियों की कमाई सीधे–सीधे प्रभावित होगी। पबजी को वैसे तो एक साउथ कोरियन कंपनी ने डिवेलप किया था लेकिन इसके जितने भी वर्जन जारी होते हैं, उसे चीनी कंपनी टेंसेंट जारी करती है।

**डेटा चोरी और भारत की सुरक्षा और संप्रभुता के खिलाफ गतिविधियों में शामिल थे ये ऐपः** मंत्रालय ने अपने बयान में कहा है कि उसे इन ऐप्स के बारे में कई शिकायतें मिली थीं। हमें कई ऐसी रिपोर्ट्स मिली थीं कि एंड्रॉयड और आईओ प्लेटफॉर्म्स पर मौजूद कुछ मोबाइल ऐप यूजर्स के डेटा को चोरी कर रही हैं और उन्हें लगातार देश से बाहर स्थित अपने सर्वर तक अवैध रूप से पहुंचा रही हैं।

### 150 हसीनाओं के साथ बुक किया पूरा द्वीप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। जमाल खशोगी की हत्या हो या शाही परिवार के सदस्यों के खिलाफ ऐक्शन, सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद सलमान अक्सर विवादों में बने रहते हैं। अब प्रिंस सलमान के आलीशान जीवन शैली के बारे में बड़ा खुलासा हुआ है। एक नई किताब में दावा किया गया कि शहजादा सलमान ने मालदीव के एक प्राइवेट आईलैंड पर भव्य पार्टी दी थी। इसमें मेहमानों को खुश करने के लिए ब्राजील, रूस और दुनिया के अन्य हिस्सों से 150 मॉडलों को लाया गया था।

ब्लड एंड ऑयलः मोहम्घमद बिन सलमान रूदलेस क्वेस्ट फॉर ग्लोबल पॉवर किताब में दावा किया गया है कि इन 150 मॉडलों की सेक्सुअली ट्रांसमिटेड डिजीज की जांच की गई थी। किताब में कहा गया कि इस पार्टी में प्रिंस सलमान के खाड़ी देशों से कुछ दर्जन मेहमान शामिल हुए थे। इस प्राइवेट आईलैंड को दुनिया के सबसे आलीशान और महंगे स्थानों का दर्जा हासिल था। प्रिंस ने पूरे द्वीप, 300 कर्मचारियों, 48 प्राइवेट विला और बर्फबारी करने वाली मशीन को किराए पर लिया था। मेहमानों प्राइवेसी का ध्यान रखने के लिए इस पार्टी में फोन को बैन किया गया था।



### चीन ने सेना के लिए बनाया आयरन मैन जैसा सूट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेइचिंग। भारत और अमेरिका से चल रहे तनाव के बीच चीन ने अपने नए हाइटेक हथियारों का दुनिया के सामने प्रदर्शन किया है। इन हथियारों में सबसे खास आयरन मैन की तरह से सैनिकों के लिए बनाया गया खास एक्सयोस्केलेटन सूट शामिल है। चीन के सरकारी अखबार पीपल्स डेली ने अपने एक वीडियो में इन हथियारों की क्षमता को दिखाया है। एक्सयोस्केलेटन सूट की मदद से सैनिकों की वजन ले जाने की क्षमता 50 किलो से बढ़कर 80 किलो हो जाती है। पीपल्स डेली ने कहा कि चीन ने सप्लाइ ड्रोन बनाया है जो 30 किलोग्राम तक सामान किसी भी इलाके में बेहद आसानी से और समय पर पहुंचा सकता है।

## संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पाकिस्तान की साजिश फेल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

संयुक्त राष्ट्र। चीन की मदद से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारतीय नागरिकों को आतंकवादी घोषित कराने के पाकिस्तान के प्रयासों को बड़ा झटका लगा है। पाकिस्तान और चीन की इस नापाक चाल को अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी और बेल्जियम ने पर्याप्त सबूतों के अभाव में सुरक्षा परिषद में विफल कर दिया। ऐसा पहली बार नहीं है जब पाकिस्तान ने चीन की मदद से भारतीय नागरिकों को आतंकवादी घोषित कराने का प्रयास किया है।

सुरक्षा परिषद के तीन स्थायी और दो गैर स्थायी सदस्यों ने यूएनएससी 1267 अल कायदा प्रतिबंध कमिटी सचिवालय से अनुरोध किया कि वह पाकिस्तान के भारतीय नागारिकों अंगरा अप्पाजी और गोबिंदा पटनायक को आतंकवादी घोषित कराने के पाकिस्तानी प्रयास को विफल कर दे। इससे पहले पाकिस्तान ने दो अन्य भारतीयों वेनुमाधव डोंगरा और अजय मिस्त्री को आतंकी घोषित कराने का प्रयास किया था जिसे अमेरिका ने ब्लॉक कर दिया था।

> पाक ने चीन की मदद से भारतीयों को आतंकवादी घोषित कराने का प्रयास किया

**पाकिस्तान ने 4 भारतीय नागरिकों को आतंकी घोषित कराने का प्रयास कियाः** बताया जा रहा है कि पाकिस्तान ने कुल 4 भारतीय नागरिकों को आतंकी घोषित कराने का प्रयास किया था। दरअसल, पाकिस्तान अफगानिस्तान में विकास के कामों से जुडे भारतीय नागरिकों पर नजर रख रहा है। इन लोगों को लेकर पाकिस्तान मनगढ़त आरोप लगा रहा है और उन्हें पाकिस्तान में आतंकी घटनाओं से जोड़ रहा है। पाकिस्तान के इन चारों प्रस्तावों को सुरक्षा परिषद के सदस्यों के रोके जाने से इस्लामाबाद की प्रतिबंधों से जुड़ी समिति के सामने पोल खुल गई है। बताया जा रहा है कि पिछली बार की तरह इस बार भी पाकिस्तान भारतीय नागरिकों के खिलाफ पर्याप्त सबूत नहीं दे पाया।

### बांग्लादेश कोर्ट ने विधवा हिंदू महिलाओं के लिए ऐतिहासिक फैसला दिया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ढाका। बांग्लादेश हाई कोर्ट ने विधवा हिंदू महिलाओं के लिए ऐतिहासिक फैसला दिया है। हाई कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि विधवा हिंदू महिलाएं अपने दिवंगत पति की सारी प्रॉपर्टी में हिस्सा लेने की हकदार हैं। इससे पहले के कानून में कहा गया था कि हिंदू महिलाएं केवल अपने पति की वास भूमि में ही हकदार हैं। न्यायमूर्ति मिफ्ताह उद्दीन चौधरी की पीठ ने बुधवार को यह फैसला सुनाया और वर्ष 2004 के लोअर कोर्ट के फैसले की पुष्टि कर दी। लोअर कोर्ट ने अपने फैसले में व्यवस्था दी थी कि विधवा महिलाओं की अपने पति की सारी संपत्ति में हिस्सा है। उधर, बांग्लादेश हिंदू–बौद्ध–ईसाई ओइक्या परिषद के महासचिव राणा दास गुप्ता ने हाई कोर्ट के इस फैसले की प्रशंसा की है। राणा दास गुप्ता ने कहा कि यह ऐतिहासिक फैसला है और इससे असहायम हिंदू विधवा महिलाओं के हितों की सुरक्षा होगी। बता दें कि बांग्लादेश में हिंदू महिलाओं को हिंदू महिला अधिकार संपत्ति कानून 1937 के तहत अधिकार मिला है।